हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 जुलाई 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में होगा शिवाभिषेक



07 समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में गुणवत्ता की सर्वेयर...



## खबर संक्षेप

### स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**विदिशा।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्यनरत हैं जिन्हें केंद्र परिवर्तित प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो रहा है और दिन की वार्षिक पारिवारिक ढाई लाख रुपए से कम है उन्हें वर्ष 2025 26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जनजाति कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा एक बार वन टाइम रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त कर लिया जाता है जो भविष्य में आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए पृथक से वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता नहीं रहेगी। वन टाइम रजिस्ट्रेशन संबंधी कार्य नेशनल पोर्टल पर 30 जुलाई 2025 से पूर्व करना अनिवार्य है।

### खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक

**विदिशा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2025 में कृषकों के फसल बीमा हेतु बैंकों द्वारा कृषक अंश प्रीमियम राशि लिये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेडिया ने बताया कि खरीफ मौसम में अधिसूचित फसलों की 2 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा कर फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से किसान कराएं। अऋणी कृषक भाई अधिसूचित फसलों का फसल बीमा जिले के समस्त सी.एस.सी. सेंटर के माध्यम से करा सकते है। जिन किसानों ने केसीसी का लाभ नही लिया है , वह सभी कृषक भाई जमीन की बही, आधार कार्ड, बोवाई प्रमाण पत्र, बटाईदार इकरारनामा, बैंक खाता नं. की छायाप्रति के साथ उक्त केन्द्रों पर उपस्थित होकर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

### जिले में आज 40.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**विदिशा।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर रविवार 13 जुलाई की प्रातः आठ बजे 40.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि सर्वाधिक वर्षा पठारी तहसील में 100 मिमी और सबसे कम गुलाबगंज तहसील में मिमी दर्ज हुई हैं इसके अलावा विदिशा में 29 मिमी, बासौदा में 18.8 मिमी, कुरवाई में 85 मिमी, सिरोंज में 71 मिमी, लटेरी में 43 मिमी, ग्यारसपुर में 19 मिमी, नटेरन में 13 मिमी और शमशाबाद तहसील में 25.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई हैं।

### शिवलिंग निर्माण और रामकथा शुरू



**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में श्रावण मास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को हुआ। कथा व्यास पंडित संतोष जी शास्त्री ऋषि ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने काव्य शैली में भगवान के मुख में समस्त 14 भुवनों सहित विराट रूप के दर्शन की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया। शास्त्री ने श्रीरामचरितमानस में संत महिमा और मानव जीवन की कला का भी सुंदर वर्णन किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण दंडोतिया, विष्णु नामदेव, मोहनलाल साहू, रमेश साहू, मनोहर राजोरिया, सुरेंद्र सिंह कुशवाह, बृजनारायण शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, पंडित सतीश व्यास आदि मौजूद रहे।

## नगरपालिका अध्यक्ष की कुर्सी के लिए निचले स्तर तक पहुंची विदिशा की राजनीति


# अविश्वास प्रस्ताव में शामिल होने से इनकार करने वाले पार्षदों को अंधगति से आई कार ने मारी टक्कर

**विदिशा में भाजपा अब अंतर्कलह में गले-गले तक डूब चुकी है। रविवार को सुबह भोपाल पहुंचकर भाजपा पार्षदों के एक गुट ने केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर नपाध्यक्ष को हटाने की मांग रखी। पार्षदों की बात सुनने के बाद श्री चौहान ने सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। उन्होंने पार्षदों से कहा है कि वे अपनी बात संगठन स्तर पर रखें। इसके बाद पार्षदों का समूह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मिला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भाजपा की नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को हटाने के लिए रचे गए षड्यंत्र में शामिल होने से इनकार करने वाले दो पार्षदों को अंधगति से आई कार ने टक्कर मार दी। यह घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात 2 बजे खरीफाटक मंडी क्षेत्र की है। पार्षद जमना कुशवाह और धमेन्द्र सक्सेना अपने पार्षद मित्र नीरज पाल से मिलकर बाइक से वापस आ रहे थे। तभी पीछे से आई कार ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी।

वीडियो फुटेज से साफ प्रतीत हो रहा है कि यह एक्सीडेंट न होकर जानबूझकर जान से मारने के इरादे से सुनियोजित हमला था। हालांकि दोनों पार्षद निजी अस्पताल में भर्ती हैं और खतरे से बाहर हैं। नपाध्यक्ष प्रीतिनिधि राकेश शर्मा का कहना है कि यह सुनियोजित हमला है और वे अब चुप नहीं रहेंगे। आज एसपी को ज्ञापन सौंपकर हमलावरों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।



**विदिशा।** पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना को देखने पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री राघवजी।

### पूर्व वित्तमंत्री घायल पार्षदों से मिलने पहुंचे

पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई घायल पार्षद धमेन्द्र सक्सेना और जमना कुशवाह से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने दोनों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। घायलों से बयान लेने के लिए कोतवाली टीआई आनंद राज भी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने दोनों घायलों से अलग-अलग बात करके टक्कर मारने वालों के बारे में जानने का प्रयास किया।

### भोपाल जाने वाले पार्षदों में यह हैं शामिल

सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह एवं उनकी पार्षद पत्नी गीतांजली लोधी, राजेश जैन, कमलेश सूर्यवंशी, रामप्रसाद पासी, शैलेंद्र सिरवैया, चंद्रपाल दांगी, संतोष पेंटर, गोलू चौधरी, संतोष शर्मा और उनकी पार्षद पत्नी रानू शर्मा, अरुणा मांझी, नीरज पाल सहित निर्दलीय पार्षद अशोक जाट और सतीश यादव सहित अन्य शामिल हैं। भोपाल जाने वाले पार्षद या पार्षद प्रतिनिधियों की संख्या 21 के आसपास बताई जा रही है।



**विदिशा।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करने पहुंचे पार्षद।

### एक्सीडेंट हैं, साजिश नहीं लग रही है

सीसीटीवी फुटेज चेक किये जा रहे हैं। दोनों पार्षदों को अज्ञात कार ने रात 2 बजे पीछे से टक्कर मारी है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कार तेज गति से आई और पीछे से टक्कर मारते हुए भाग गई। पुलिस को ऐसा नहीं लग रहा है कि यह जानबूझकर किया गया हमला है। यह मात्र एक्सीडेंट है क्योंकि बाइक सवार सड़क के बीच में चल रहे हैं और टक्कर एक तरफ मारते हुए दिख रहे हैं। पुलिस सभी कैमरे खंगाल रही है।

**-आनंद राज,** टीआई सिटी कोतवाली विदिशा।

### नपा को बदनाम करने रच रहे तमाम षडयंत्र

*नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को हटाने के लिए भाजपा के अंदर ही अलग-अलग प्रकार से षड़्यंत्र रचे जा रहे हैं। अभी हाल ही में पार्षदों सहित पत्रकारों को इंदौर से पोस्ट करके गुमनाम चिट्ठी भेजी गई थी। इस पत्र में भी नपा की छबि को खराब करने का ही प्रयास था। इस संबंध में भी पुलिस से जांच का निवेदन किया गया है। हालांकी विदिशा में भाजपा नेता अपने विरोधी की छबि को गंदा साबित करने में सिद्धहस्त हैं।*

### अविश्वास प्रस्ताव सफल होना मुश्किल





**विदिशा।** प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिलते हुए पार्षदों का दल।

नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को हटाने के लिए यदि अविश्वास प्रस्ताव लाया गया तो उसके सफल होने की जरा भी गुंजाइस नहीं है। इसलिए नपाध्यक्ष का भाजपा विरोधी गुट विदिशा में नियंत्रण रखने वाले नेताओं से लेकर प्रदेश संगठन को इतना पक्ष में करना चाहता है कि अविश्वास प्रस्ताव लाने की जगह सीधे इस्तीफा ले लिया जाए। क्योंकि नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को सफल बनाने के लिए विदिशा के 39 पार्षदों में से कम से कम 30 पार्षद चाहिए। नपा में भाजपा के कुल 27 पार्षद हैं और शेष में कांग्रेस के 6 पार्षद हैं और 6 निर्दलीय हैं। फिलहाल नपाध्यक्ष काफी मजबूत स्थिति में हैं।

### नपाध्यक्ष को हटाने की मुहिम से इन पार्षदों का इनकार



पार्षद जमना कुशवाह के बयान दर्ज करते टीआई

*विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का कहना है कि सभी पार्षद उनके खिलाफ नहीं हैं। कुछ पार्षद उनके पक्ष में भी हैं और उन्होंने ऐसे पार्षदों ने किसी भी षडयंत्र में शामिल होने से इनकार कर दिया है। चर्चा ऐसी है कि भाजपा के 26 पार्षदों में से नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति सहित जमना कुशवाह, धर्मेन्द्र सक्सेना, कपिल साहू, बालमुकंद दादा, गजेंद्र रघुवंशी ने अविश्वास प्रस्ताव पर सहमति नहीं देन वालों में शामिल हैं।*

### नशे से दूर है जरूरी अभियान कल से शुरू

**विदिशा।** विदिशा पुलिस द्वारा जिले में 15 से 30 जुलाई तक "नशे से दूरी है ज़रूरी विषय पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से सचेत कर नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना है। अभियान में पुलिस के साथ सरकारी और गैर-सरकारी संगठन भी भाग लेंगे। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर-बैनर, सोशल मीडिया, वीडियो, हेल्पलाइन प्रचार, ई-शपथ, स्कूल-कॉलेजों में समिति गठन और काउंसलिंग जैसी गतिविधियों के जरिए व्यापक जागरूकता फैलाई जाएगी ताकि समाज को नशे से बचाया जा सके। पुलिस ने पिछले माह नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 45 प्रकरण दर्ज किए और 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 174 लीटर कच्ची शराब, 51.45 किलो गांजा, 6 हरे गांजे के पौधे, 33.7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिनकी कुल कीमत करीब 10 लाख है। साथ ही 2 कार और 4 बाइक जब्त की गईं। पुलिस ने अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों का व्यापार होता दिखे तो नारकोटिक्स हेल्पलाइन 7587637810 पर सूचना दें।

### बड़ वाले घाट पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण शुरू



**विदिशा।** बाढ़ वाले भोलेनाथ सेवा समिति द्वारा लगातार 12 वर्षों से बाढ़ वाले घाट पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है। रविवार को सावन के तीसरे दिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष मनमोहन बघेल, संतोष विश्वकर्मा, बद्री साहू, मनोज, अशोक विश्वकर्मा, छतरसिंह लोहार, जगन्नाथ, हितेंद्र सिंह रघुवंशी, मुन्नालाल तिवारी, नरोत्तम सोनी, हेमंत शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, शंकर लाल, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के 17 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित





स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए

**शमशाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत नगर परिषद शमशाबाद ने 17 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सौंपे। आवास मिलने पर अध्यक्ष, उपाध्याक्ष , पार्षदों ने हितग्राहियों को बधाई दी। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम आवास योजना से गरीबों के आवास का सपना साकार हो रहा है। अंतिम व्यक्ति की चिंता भाजपा सरकार द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम में पात्र 17 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। शेष हितग्राहियों की सूची तैयार कर सर्वे किया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र जैन ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का पक्का मकान हो, इस सपने को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री ने किया है। सरकार ने पिछले वर्ष तक 3 करोड़ लोगों को पक्का मकान देने का कार्य किया और अब 4 करोड़ आवासहीन लोगों को पक्का मकान देने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर तहसीलदार प्रेमलता पाल, सीएमओ अनिल विद्रुआ, संदीप साहू, कमल सिंह चौहान, जुगल चौकसे, पार्षद मदन कुशवाह, अंकित चौहान, कुलदीप रत्नाकर, दीपक मेहर सहित पार्षद मौजूद रहे।

## 95 मरीजों की जांच, 35 को शुगर निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नेमा समाज द्वारा बांसकुली स्थित समाज धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमित नेमा के मार्गदर्शन में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष सक्सेना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा जैन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिवेष प्रताप सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश अहिरवार और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी नेमा ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। 95 लोगों की जांच की गई जिसमें से 35 मरीज शुगर के निकले। समाज अध्यक्ष गोविंद नेमा ने बताया कि डॉ. लोकेश्वरी नेमा ने विशेषज्ञ डॉक्टरों का परिचय कराते हुए शिविर को समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। केयर हेल्थ पैथोलॉजी द्वारा रक्त एवं अन्य जांचें भी रियायती दरों पर की गईं।





**विदिशा।** शिविर में बड़ी संख्या में नेमा समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रेहटी बांध का एक गेट खुला बरींघाट में लगाए गए बैरिकेडस

**विदिशा।** तेज बारिश के कारण रेहटी बांध का एक गेट 1 फुट खोला गया है, जिससे माला, सिमरधान और जौखेड़ी गांवों की पानी में डूबने की संभावना है। ग्राम सचिवों और चौकीदारों को अलर्ट पर रखा गया है। मूडराघाट पुलिया पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गुलाबगंज के बरींघाट में बैरिकेडिंग की गई है। कुरवाई तहसील में कैथोरा और टेकू से नाऊकुंड मलाज मार्ग पर आवागमन रोक दिया गया है। सिरोंज तहसील में महुआखेड़ा पृथ्वीराज की पुलिया सामान्य है। मूडराघाट पुलिया पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। थाना सिरोंज और आनंदपुर क्षेत्र में पुल-पुलियों की निगरानी की जा रही है।

## रामलीला चौराहे पर करणी सेना ने किया चक्काजाम



**विदिशा।** रामलीला चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार देर शाम करणी सेना ने रामलीला चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष जीवन सिंह को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। हरदा में पुलिस और करणी सेना के पदाधिकारियों के बीच हुई कहासुनी के बाद पुलिस ने जीवन सिंह को गिरफ्तार किया था। जिससे आक्रोशित विदिशा के पदाधिकारियों ने चक्काजाम किया। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की गई। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और चक्काजाम समाप्त करने का प्रयास किया गया। समझाइश के बाद करणी सेना ने चक्काजाम खत्म किया।

## लायंस क्लब सनराइज ने अपना घर आश्रम में लगाया निशुल्क शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लायंस क्लब सनराइज द्वारा अपना घर आश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। जिसमें नेत्र परीक्षण एवं दंत परीक्षण किया गया।

क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव ने जानकारी दी कि इस शिविर में 110 लोगों एवं 15 आश्रम सदस्यों का परीक्षण किया गया। शिविर में परीक्षण नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रूपाली जैन एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। जीएस चौहान ने बताया 5 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। जिनका ऑपरेशन डॉ. जैन द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। जीएस चौहान ने बताया कि डॉ. रूपाली जैन ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी यदि आश्रम के लोगों में नेत्र संबंधी समस्या होगी तो वे निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगी। शोभित भार्गव ने बताया कि 15 लोगों की दृष्टि कमजोर पाई गई, जिनके लिए चश्मे स्थानीय मोनिका ऑप्टिकल्स द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। अमोल अग्रवाल ने बताया की दंत परीक्षण का कार्य वरिष्ठ लायन डॉ. प्रीति कौर सिंग डेंटल क्लिनिक एवं लायन अपूर्वा यादव अविष्का डेंटल क्लिनिक द्वारा संपन्न किया गया।

परीक्षण में कई लोगों में पायरिया व अन्य समस्याएं पाई गईं, जिनका उपचार दोनों चिकित्सकों द्वारा उनके क्लीनिक पर बिना किसी शुल्क के किया जाएगा। लायन राजेन्द्र खेड़ा ने बताया कि सेवा प्रदान करने वाले सभी डॉक्टर्स एवं क्लब सदस्यों का सम्मान किया गया।

### कर संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## विदिशा में केंद्रीय जीएसटी शाखा कार्यालय खोला जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क डिवीजन भोपाल द्वारा विदिशा में कर संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य करदाताओं, कर सलाहकारों और विभाग के बीच समन्वय बढ़ाना तथा पारदर्शी एवं सुगम कर प्रणाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विदिशा रेंज के सुपरिंटेंडेंट लक्ष्मण चौरसिया ने मुख्य वक्ता के रूप में जीएसटी विभाग की इस पहल के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विदिशा-रायसेन टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की ओर से एक ज्ञापन भी सौंपा गया। एसोसिएशन के सचिव वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास जैन ने कहा कि विदिशा और रायसेन जिलों के व्यापारियों एवं कर सलाहकारों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार भोपाल जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि भोपाल की दूरी के कारण आवागमन में कठिनाई होती है और समय व संसाधनों की भी अनावश्यक बर्बादी होती है। ज्ञापन में नगर में केंद्रीय जीएसटी कार्यालय की एक शाखा खोलने की मांग की गई। ताकि स्थानीय व्यापारियों और कर सलाहकारों को सुविधा मिल सके। यह ज्ञापन चीफ कमिश्नर, कस्टम्स, जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क मप्र छत्तीसगढ़, भोपाल के नाम विदिशा रेंज के अधिकारी सुपरिंटेंडेंट लक्ष्मण चौरसिया को सौंपा गया।

इस दौरान सौंपने के दौरान टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण और चक्रेश जैन, संजय सांवला, संदीप शाह, अर्पित शर्मा, राजेश शर्मा, शरद सिंघवी, देवेंद्र परिहार, नितिन सोनी, दीपक कुमार और प्रद्युम्न श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** विदिशा में केंद्रीय जीएसटी शवाखा कार्यालय खोलने ज्ञापन सौंपते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में होगा शिवाभिषेक



गंजबासौदा। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बरेठ रोड कालाबाग स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में तीर्थ जल गंगाजी, यमुना, कावेरी वेत्रवती के जल से भगवान श्री सिद्धेश्वर महादेव का अभिषेक प्रदोष काल में अभिषेक सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। वहीं शाम 7 बजे से महाआरती आयोजित होगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### नागरिक बैंक को 55.92 लाख का शुद्ध लाभ

गंजबासौदा। बासौदा नागरिक सहकारी बैंक की 42वीं वार्षिक आमसभा शहनाई गार्डन, बरेठ रोड पर हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2025 तक बैंक की कार्यशील पूंजी 7744.81 लाख रुपये रही। बैंक ने 55.92 लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमाया। आमसभा में सभी अंशधारकों को 8 प्रतिशत लाभांश देने का निर्णय लिया गया। इसके तहत कुल 21,19,424 रुपये का वितरण होगा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की संपरीक्षा रिपोर्ट, वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट और प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। वर्ष 2024-25 के लाभ वितरण और वर्ष 2025-26 के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति पर भी निर्णय लिया गया। बैंक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार दुबे ने प्रगति की जानकारी दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष विद्या यादव, संचालक लखपत सिंह राजपूत, मोहित तारण, पूर्व अध्यक्ष शांतिप्रकाश ओसवाल और अनिल ओसवाल ने सुझाव दिए। इस अवसर पर बडी संख्या में संचालक एवं अंशधारी मौजूद रहे।

## उदयपुर में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई कर किया क्लीनिक सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उदयपुर



जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर लगातार प्राइवेट क्लीनिकों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान नगर सहित ग्रामीण अंचलों में अनेक झोलाछाप डॉक्टर सामने आ रहे हैं जो बगैर डिग्री या फर्जी डिग्री के क्लीनिक संचालित कर रहे थे। रविवार को ग्राम उदयपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने शाम के समय एक अवैध क्लीनिक को सील किया। स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी ने बताया कि भानु प्रताप नामक व्यक्ति बिना किसी मेडिकल डिग्री के एलोपैथिक दवाओं से उपचार कर रहा था।

इस मौके पर नायब तहसीलदार अनुराग रावत मौजूद थे। गंजबासौदा बीएमओ डॉक्टर प्रमेन्द्र तिवारी ने बताया कि बिना डिग्री के इलाज करने वालों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पिछले एक सप्ताह से प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इस दौरान अब तक पांच अवैध क्लीनिक सील किए जा चुके हैं। जांच के दौरान भानु प्रताप के पास ना तो कोई मेडिकल डिग्री मिली और ना ही क्लिनिक संचालन की कोई वैध अनुमति पाई गई। यह पिछले तीन , चार वर्षो से गांव में क्लीनिक चला रहा था। मंदिर के मुख्य मार्ग पर उसने पूरा सेटअप कर रखा था जहां बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों का इलाज किया जाता था। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अमले द्वारा फर्जी डॉक्टरों पर लगातार की जा रही कार्रवाई से हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। झोलाछाप डॉक्टर अपने क्लीनिक बंद किए हुए हैं वहीं कुछ डॉक्टर चोरी छिपे कुछ देर के लिए अपने क्लीनिक खोल रहे हैं।

## एसडीओपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उदयपुर

रविवार को उदयपुर स्थित नील कण्ठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रशासिनक अधिकारियों द्वारा श्रावण मास की तैयारियों एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एसडीओपी एसडीओपी शिखा भलावी ने उदयपुर मंदिर प्रांगण पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यहां उल्लेखनीय है कि श्रावण मास शुरू होते ही उदयपुर में दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने कावड़ लेकर पहुंचते हैं। जिसके चलते श्रावण मास में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ता है। इस अवसर पर पुलिस एवं अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पिछले एक सप्ताह से लगभग प्रतिदिन हो रही बारिश, चौबीस घंटे में हुई 18 मिमी बरसात

# लगातार हो रही बारिश से कच्चा घर धराशायी, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





पिछले एक सप्ताह से इलाके भर में लगभग प्रतिदिन ही अच्छी बारिश हो रही है। इस लगातार बारिश से जहां नदी नालों में उफान आने लगा है, वहीं आम जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

लगातार बारिश से बीती रात ही एक ग्रामीण का कच्चा घर धराशायी हो गया, जिससे उसे काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा बोवनी से वंचित रह गए किसान और बीज अंकुरण न होने से पीडित किसान भी लगातार बारिश से परेशान हो रहे हैं और मौसम साफ होने की कामना कर रहे हैं। ताकि खेतों में बतर आने पर दूसरी फसल की बोवनी कर सकें। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से नगर सहित इलाके भर में प्रतिदिन ही बारिश हो रही है। लगातार बारिश से जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं जगह जगह जलभराव से भी लोगों को परेशानी हो रही है। इस बीच लगातार बारिश से कच्चे घरों एवं वृक्षों के धराशायी होने की घटनाएं भी बढ गई हैं। बीती रात भी ग्राम बेहलोट में एक ग्रामीण दुर्गा कुशवाह का कच्चा घर भर भराकर गिर गया। इस दुर्घटना में उनके घर का पूरा छप्पर धराशायी हो गया। जिससे एक कमरे में भरा भूसा भीगकर खराब हो गया, वहीं दूसरे कमरे में रखा गृहस्थी का सामान, बर्तन, कपडे, राशन आदि क्षतिग्रस्त हो गया। संयोग से दुर्घटना के समय कोई परिजन घर के इस हिस्से में नहीं था। इस घटना में पीडित परिवार को हजारों रूपए का नुकसान हुआ है।

उधर लगातार बारिश के शुरू होने के पूर्व इलाके में किसान सोयाबीन की बोवनी में जुटे हुए थे। बारिश शुरू होने के समय तक अधिकांश किसानों की बोवनी हो चुकी थी, जबकि कुछ बरसात के कारण बोवनी से वंचित रह गए थे। अब लगातार बारिश होने के कारण बोवनी से वंचित किसान अपने खेतों में बोवनी करने के लिए मौसम खुलने की कामना कर रहे हैं, ताकि खेतों में बतर आ सके और वे समय रहते बोवनी कर सकें।

ग्राम स्यारी के मोनू लोधी का कहना है कि बारिश शुरू होने के पहले वे बोवनी कार्य में जुटे हुए थे। उनकी आधी भूमि में बोवनी हो चुकी थी, जबकि आधी में बोवनी बारिश के कारण रह गई। अब एक सप्ताह से वे मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि शेष भूमि में भी बोवनी कर सकें। मोनू लोधी के अनुसार सोयाबीन की बोवनी 15 जुलाई तक हो सकती है लेकिन तब तक बारिश बंद नहीं हुई तो फिर वे और उनकी ही तरह अन्य किसान भी बोवनी से वंचित ही रह जाएंगे। वहीं बारिश के पूर्व बोवनी करने वाले किसानों की भी परेशानी यह है कि कई किसानों के खेतों में बीज या अन्य खराबी के कारण अंकुरण नहीं हो सका है। ऐसे ही एक किसान प्रहलाद रघुवंशी का कहना है कि उनकी पहली बोवनी का सोयाबीन अंकुरित नहीं हुआ था, उसके बाद उन्होंने दोबारा बोवनी की, लेकिन उसका भी अंकुरण पर्याप्त नहीं है। प्रहलाद और उनकी ही तरह की परेशानी से जूझ रहे अन्य किसान भी अपने खेतों में दोबारा बोवनी के लिए बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं।

उधर मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 17 जुलाई तक इसी तरह बरसात होने के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 17 जुलाई के बाद कुछ दिनों के लिए लगातार बारिश से राहत मिल सकती है और मौसम साफ होने के संकेत हैं। हांलाकि 22 जुलाई से फिर बारिश के पूर्वानुमान हैं।

## निकली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रावण मास के पावन पुण्य अवसर पर सिद्ध तीर्थ उदयपुर की दिव्य भूमि पर संगीतमय श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ मानस प्रवचन का आयोजन शुरु हो गया। जो 13 से 20 जुलाई तक आयोजित होगा। कथा के समापन, पूर्णहुति पर प्रसादी वितरण किया जाऐगा। जिसको लेकर रविवार को कलश यात्रा श्री नीलकंठ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर मैन चौराहा से होते हुए खजियाई बावड़ी हनुमान मंदिर से होते हुए महामाया माता मंदिर पर पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रहीं थीं। इस मौके पर कथावाचक किशोरी विष्णु प्रिया सागर, श्रीधाम वृंदावन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय संत महंत श्रीश्री राजराजेश्वर महाराज श्रीधाम पांडव वन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

## हरियाली महोत्सव के मौके पर विधायक ने रोपा पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हरियाली महोत्सव के दौरान वर्षा काल में जगह जगह पौधारोपण का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति के परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर रविवार के दिन तीन दर्जन से अधिक पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक हरिसिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, नगर मंडल पदाधिकारी संदीप रघुवंशी, तरवर रघुवंशी, कृषि उपज मंडी समिति सचिव, अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के अनेक व्यापारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, कृषि मंडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या पौधारोपण करने की अपील की है।

### त्योंदा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

त्योंदा। रविवार को त्योंदा थाने में नशा मुक्ति एवं शांति समिति की बैठक



आयोजित की गई। जिसमें नवागत थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी द्वारा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को नशे से दूर रहने को कहा गया। वहीं श्रावण मास को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें सावन सोमवार को गुफा शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, रघुवीर सिंह राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश दुबे, सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम अहिरवार, ग्राम रसूलपुर सरपंच रामहरि शर्मा, प्रेमी साहू, आजाद खान, इलियास खान, नन्नू वंशकार, गोपाल पेंटर, नीरज शर्मा, दीपक, मनोज शर्मा, सोनू श्रीवास्तव, वीर सिंह कुर्मी, राजेश जोशी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## 6 साल में भी नहीं बदला क्षतिग्रस्त खंभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वार्ड क्रमांक 6 निवासी रानी विनोद नामदेव के नेतृत्व में अनेक रहवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को एक आवेदन दिया जिसमें क्षतिग्रस्त विद्युत खंभे को बदलने की मांग की गई। आवेद में कहा गया है कि लड्ढा एजेंसी वाली गली नाले के उस पार खंभा नंबर बीआर 15/119 मकान की छत की दीवार से लगा हुआ है। दिनांक 31 जून 2019 को विद्युत कर्मचारी द्वारा विद्युत लाइन को बाहर करते समय बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे बदलने कई बार विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन आज तक विद्युत खंभा नहीं बदला गया। जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। दिए गए शिकायती आवेदन में शीघ्र विद्युत खंभा बदलने की मांग की गई। इस मौके पर कल्लू, प्रताप सिंह, जगराज सिंह, प्राण सिंह सहित अनेक वार्डवासी मौजूद थे। ज्ञात हो कि विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही से नया बस स्टैंड मार्ग पर सड़क किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में जमीन में करंट उतरने से शनिवार को एक बछिया की मौत हो गई थी।

### नगर में कई घंटे बिजली सप्लाई रही बंद

गंजबासौदा। रविवार को शहरबासा 132 केवी लाइन पर आवश्यक कार्य होने के चलते 33/11 केवी फीडरों पर प्लान शटडाउन रहा। 33 केवी लाइन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कंजना पठार और उदयपुर में बंद रही। इसी तरह 11 केवी लाइन जेल फीडर से जुड़ी सप्लाई भी सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बंद रही। इससे नगर पालिका वाटर वर्क्स, उदयपुर, बरेठ और बोथी की बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। ज्ञात हो कि इन दिनों नगर में बारिश हो रही है। थोड़ी हवा और बारिश के चलते विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर में बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है।

### वेदांत आश्रम में अनेक श्रद्धालुओं ने जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज से ली दीक्षा

# सत्कर्मों से जोड़ने वाला सद्गुरु ही ईश्वर से मिला सकता है: जगतगुरु





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवन में सत्कर्मों से जोड़ने वाला सदगुरु ही हमें ईश्वर से मिला सकता है। हमारे जीवन में जब सत्कर्म जुड़ेंगे तो हमारा चित, चरित्र निर्मल होगा और हम ईश्वर की भक्ति पाने के अधिकारी बन जाएंगे । यह तभी संभव है जब हम सदगुरु द्वारा बताए गए मार्ग, उपदेशों पर चलकर उनका जीवन में अनुसरण करें। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हमें भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा की याद दिलाता है, जिसमें गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है। यह बात जीवाजीपुर स्थित बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित प्रवचन श्रृंखला में जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने कही।

**जगद्गुरु से दीक्षा लेने बरसते पानी में आश्रम पहुंचे सैकड़ों भक्त**

रविवार को वेदांत आश्रम में आयोजित हुए गुरु पूर्णिमा महोत्सव में जगदगुरु डॉ. वेदांती जी द्वारा सैकड़ों भक्तों को दीक्षा दी गई। बरसते पानी में भी जगतगुरू से दीक्षा लेने के लिए आश्रम में भक्तों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के अलावा अन्य शहरों से भी आए भक्त एवं पूर्व से दीक्षित हुए शिष्यों ने डॉ. वेदांती का गुरु पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। दीक्षा ले रहे नए शिष्यों को डॉ वेदांती ने गुरु मंत्र देकर प्रतिदिन माला करने के साथ गुरु निष्ठा रखते हुए सत्कर्मों पर चलकर जीवन जीने की प्रेरणा दी। आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज ने बताया कि सोमवार को भी जगतगुरु डॉ. वेदांती द्वारा दीक्षा दी जाएगी और दोपहर 2 बजे से उनके प्रवचन होंगे। वेदांत आश्रम के संस्थापक और नगर के संत रामानंदाचार्य जगद्गुरु डॉ. वेदांती के जगतगुरु बनने के उपरांत उनका प्रथम नगरागमन हुआ है। क्षेत्र वासियों द्वारा मानस भवन में उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन हमें यह भी सिखाता है कि गुरु का अर्थ केवल वह व्यक्ति नहीं, जो हमें स्कूल या कॉलेज में पढ़ाता है। गुरु कोई भी हो सकता है हमारे माता-पिता, जो हमें जीवन का पहला पाठ पढ़ाते हैं, हमारे मित्र, जो हमें सही राह दिखाते हैं, या वह प्रकृति, जो हमें हर पल कुछ नया सिखाती है। गुरु वह है, जो हमें प्रेरणा देता है, जो हमें अपने अंदर की कमियों को सुधारने के लिए प्रोत्साहित करता है और जो हमें हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि हमें न केवल अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए, बल्कि उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर समाज और देश के लिए कुछ अच्छा करना चाहिए। संस्कृत में 'गुरु' का अर्थ होता है अंधकार को दूर करने वाला। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं होता, बल्कि हमारे जीवन का मार्गदर्शक भी होता है। गुरु हमारे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## विहिप बासौदा, गमाखर प्रखंड की बैठक संपन्न

गंज बासौदा। रविवार को दोपहर 1 बजे बालाजी नगर स्थित विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय अशोक भवन में संगठन की गंज बासौदा और गमाकर प्रखंड की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक को जिलाध्यक्ष संदीप नेमा ने संबोधित करते हुए कहा कि अभी विश्व हिन्दू परिषद का समिति संपर्क अभियान चल रहा है। इसके निमित्त सभी पदाधिकारियों को एक खंड केंद्र पर जाकर समिति से संपर्क कर पुनर्गठन करना है एवं गठित समिति को प्रखंड केंद्र पर बुलाकर समिति सम्मेलन करना है। समरसता प्रांत टोली सदस्य डॉ चंद्रशेखर शर्मा ने आगामी बूढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं अखंड भारत संकल्प दिवस की जानकारी दी। बैठक को विभाग सत्संग प्रमुख सुरेन्द्र ठाकुर, जिला सेवा प्रमुख रणधीर सिंह रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभाग सह समरसता प्रमुख केशव हाडा, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला समरसता प्रमुख दिलीप देसाई, जिला सह सेवा प्रमुख झगडू महाराज, जिला गौ रक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर, जिला विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाहा, जिला सुरक्षा प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, बासौदा नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, गमाकर प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू अरोरा, प्रखंड मंत्री संजय सिलावट, प्रखंड सह मंत्री द्वय रामराज झा एवं गौरव नामदेव, नगर सह संयोजक नरेश राजपूत, नगर मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख नितिन भाटे, कार्तिक खटीक, नगर धर्म प्रसार प्रमुख रूपेश अहिरवार, लालू महाराज, नगर विद्यार्थी प्रमुख आकाश यादव, श्याम रघुवंशी, दिनेश प्रजापति, लाला खटीक, आकाश भावसार, प्रद्युम्न सेन, योगेश प्रजापति, अमित जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अपील, सतर्क रहें सावधान रहें...

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अति वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए आम जनमानस से अपील की है कि वे जल भराव होने पर, पुल पुलियों, रपटों में पानी का ज्यादा बहाव होने पर उन्हें पार न करें, बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें, गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नही छूएं, बारिश में साफ़ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें।

### सड़कों से आवारा मवेशी हटाने की कार्यवाही जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर के निर्देश का जिम्मेदारी पूर्वक अनुपालन किया जा रहा है। जिले के मुख्य मार्गों, बाजारों आवागमन के रास्तों पर भटकते पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला विस्थापित किया जा रहा है । बता दें कि कलेक्टर द्वारा विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समस्त सागर जिले के मुख्य मार्गों से पशुओं को प्रमुखता से हटाया जाए एवं सुरक्षित रूप से उन्हें निकटतम गौशालों, गौ संरक्षण केंद्रों आदि में विस्थापित किया जाए। जिसके अनुपालन में जिले के मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजारों से आवारा एवं घुमक्कड़ पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेज जा रहा है।

### विद्यार्थी के मिलन समारोह का आयोजन हुआ

**सागर।** प्रबंध अध्ययन संकाय व्यवसायिक प्रबंधन विभाग डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश में एमबीए कोर्स के 13 बैच के विद्यार्थी की एल्युमिनी की संगठन की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मिलान छात्रों का मिलन समारोह का आयोजन हुआ । संगठन ने शिक्षकों कर्मचारियों का सम्मान किया एवं विभाग अध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ यशवंत सिंह ठाकुर ने आभार प्रकट किया।

सोशल मीडिया की मुहिम का असर स्मैक नशेड़ियों पर देवरी पुलिस की कार्रवाई

# देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मैक का विक्रय, किशोर और युवा नशे की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किशोर एवं युवाओं में बढ़ रही स्मैक की लत चिंताजनक स्थिति में पहुँच गई है। नशे की पुड़िया के कारोबार एवं नशेड़ियों के उत्पात से चिंतित जागरूक वर्ग ने सोशल मीडिया पर इसके विरूद्ध मुहिम आरंभ कर दी है। मुहिम के असर के परिणाम स्वरूप थाना पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न इलाकों से 6 नशेड़ी उपद्रवी युवकों को हिरासत में लेकर उनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों में स्मैक के नशे में उपद्रव मचाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को अभियान चलाकर छह युवकों को गिरफ्तार किया। सभी को नशे की हालत में पकड़कर धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी मीनेश भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में स्मैक और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन करने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में दबिश दी गई, जहां से उपद्रवी प्रवृत्ति के छह युवकों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपितों के नाम अंकित उर्फ पुंडे पिता पप्पू (19), निवासी पटेल वार्ड शुभम पिता प्रकाश अहिरवार (20), निवासी कांसखेड़ा मोहल्ला दस्सू पिता मुलु साहू (19), निवासी कांसखेड़ा मोहल्ला, चंद्रशेखर पिता रतन पटेल (27), निवासी खंडेराव वार्ड, अतुल पिता महेंद्र पटेल, निवासी कुसुम विहार कॉलोनी उदय प्रताप उर्फ उमेश नाहर (19), निवासी कांसखेड़ा मोहल्ला बताये गये है।

### उपद्रवियों से लगवाये गये नारे

पुलिस ने सभी को थाना लाकर कार्रवाई की, जहां इन युवकों ने नशे की हालत में "नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है" जैसे नारे भी लगाए। बाद में सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी और नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

### सोशल मीडिया पर चल रही मुहिम

देवरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मैक पुड़ियों के विक्रय और किशोर एवं युवाओं में बढ़ रही उसकी लत को लेकर इस घातक नशे के विरूद्ध सोशल मीडिया फेसबुक पर मुहिम चल रही है। जिसमें स्थिति और भविष्य की चिंताओं को लेकर सैकड़ों व्यक्तियों द्वारा एक अपील पोस्ट को शेयर किया है। जिस पर यूजरों द्वारा कमेंट कर मामले में पुलिस एवं प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

जम्प ने किया आयोजित

## कार्यक्रम में पत्रकार बादल ने किया सैनानी को सम्मानित




**सिरोंज।** जर्नलिस्टस यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जम्प की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक एंव संभागीय पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार व जम्प के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी का सम्मान किया गया। यह सम्मान देश के वरिष्ठ पत्रकार राज्य सभा संस्थापक राजेश बादल,जम्प के राष्टीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी,जम्प के प्रदेश अध्यक्ष एंव साधना न्यूज चैनल के हेड डॉ अरूण सक्सेना द्वारा किया गया। इसमें जिपं राजगढ के चन्दर सिंह सौधिंया,भाजपा कार्य समिति के सदस्य दिलवर यादव,सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह,नगर पालिका ब्यावरा अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्री सैनानी का सम्मान उनकी उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए किया गया। इस अवसर पर राजीव जैन सैनानी ने जम्प के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण सक्सेना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री सक्सेना ने सदैव पत्रकारो की हितो की लडाई लडी है। साथ ही उनके कार्य क्षेत्र में आने वाली परेशानियो के लिए हर दम खडें रहें है। उन्होने ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारो को पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बडाकर उन प्रतिभाओ को एक बडा मंच दिया है। प्रदेश में जम्प एक ऐसा पत्रकारो का संगठन है जो हमेशा पत्रकारो के हितो की लडाई लडने के लिए हमेशा आगे रहता है और जम्प द्वारा रचनात्मक व सामाजिक क्षेत्र में कार्य किए जाते है।



## 4 एंबुलेंस से 31 मरीजों को निशुल्क इलाज कराने के लिए भेजा भोपाल

**गढाकोटा।** शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा चलाए जा रहे वेदिका फाउंडेशन के तहत रविवार को 4 एंबुलेंस से 31 मरीज को निशुल्क इलाज के लिए भोपाल की अस्पतालों में भेजा गया। जिनमें मरीज सुभान खान गढ़ाकोटा, राविया बेहना चंद्रपुरा, राम रतन कुर्मी मोठार, सेवचरण कुर्मी रेगुंवा, मिट्ठू लाल लोधी रोन, रघुवीर लोधी सर्रा, गोविंद रैकवार चौरई, अमर सिंह खंगार बेलई, भरत सोनी गांधी वार्ड गढ़ाकोटा, पूनम कोरी रहली, लालू रजक पिपरिया गोपाल, गंगाराम सेन चंद्रपुरा, अयोध्या गौड़ हरदुआ, घनश्याम गोड़ हरदुआ, भगवती कुर्मी छुल्ला, कोमल कुर्मी छुल्ला, देवेंद्र जैन छुल्ला, रेखा

## ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल ने छात्रों को 3 लाख 50 हज़ार की स्कॉलरशिप से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर लगभग 3,50,000 रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन प्रतिवर्ष कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80% 85% 90% एवं 95% अंक प्राप्त करने पर क्रमशः 7000 रूपये, 10000 रूपये, 15000 रूपये एवं 20000 रुपये की राशि एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड के रूप में छात्र-छात्राओं को प्रदान करता है।

सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में तनिषा गांधी 96.4% 25000 रूपये, हर्षित पाठक 95.6% 20000 रूपये, काव्या जैन 94.8% 15000 रूपये, अधिष्ठा सराफ 92% 15000 रूपये, ऋषि दुबे 89.6% 10000 रूपये, आदीश छतपुरिया जैन 88.4% 10000 रूपये, राज तिवारी 87.8% 10000 रूपये, अंश जैन 86.8% 10000 रूपये, सिद्धांत चौरसिया 83.4% 7000 रूपये, आर्ची जैन 80.8% 7000 रूपये, शरद पटेल 80.2% 7000 रूपये।

कलेक्टर, एसपी को किया आमंत्रित

## भाजपा के नेता रघुवंशी हुए सांसद प्रतिनिधि बनकर बैठक में शामिल



**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह रघुवंशी ने विदिशा में आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक में सागर सांसद डॉ लता बानखेडे के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में हिस्सा लेकर सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र के कई मुद्दों को रखा। साथ ही बैठक में सांसद डॉ लता बानखेडे द्वारा विकास कार्यो के बारे में पूरी जानकारी दी। बैठक में केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान,जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल सहित जिले के समस्त विधायक उपस्थित रहें। इसके साथ ही सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सासंद डॉ लता बानखेडे द्वारा 12 से 14 जुलाई तक वैदिक वाटिया मकरोनिया में कराया जा रहा। श्री महारूद्र यज्ञ शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण सत्संग कथा के लिए सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी ने विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता एंव पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी को आमत्रण पत्र देकर शिव महापुराण सत्संग कथा के लिए आमंत्रित किया।

गोदाम संचालकों, अधिकारियों एवं सहकारी संस्था प्रबंधकों के अपने-अपने रहे पल्ला झाड़ने के तर्क

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में गुणवत्ता की सर्वेयर खरीद संस्था वेयर हाउस संचालक की संयुक्त जिम्मेदारी

**दो दिन चला बैठकों का दौर, एक सप्ताह की देरी, आज से होगी तौल शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




6 जुलाई तक समर्थन मूल्य पर पंजीयन और 7 जुलाई से मूंग की खरीद की घोषणा सरकार द्वारा की गई थी। पिछला एक सप्ताह निकल गया, क्षेत्र में एक किलों भी समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू नहीं हुई। एसडीएम संतोष मुदगल की अध्यक्षता में दो दिन तक खरीद संस्थाओं के प्रबंधकों, वेयर हाउस संचालकों एवं खरीद व्यवस्था से जुडे जिम्मेदार अधिकारियों की बैठकें हुई। आज सोमवार से एक सप्ताह के बिलम्ब देरी से कुछ केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद शुरू होने की संभावना है।

### अपने-अपने तर्क

समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद विपणन संघ के लिए किसानों के बीच सक्रय सेवा सहकारी संस्थाओं द्वारा की जाती है। मूंग खरीदी के लिए वेयर हाउसों को केन्द्र बनाया जाता है। किसान मूंग बैंचने प्लाट बुक कर अपनी मूंग केन्द्र पर लाते और तौल कराई जाती है। गोदाम संचालकों द्वारा पिछले वर्षो का किराया न देने, मूंग में घटल और रिकवरी निकालने जैसे मुद्दो को लेकर ज्ञापन दिया और मूंग गोदामों में रखने से इन्कार भी किया जाता रहा। दो दिन चली बैठकों में अधिकारियों केसमक्ष मुख्य रूप से गोदाम संचालकों द्वारा अपनी समस्याए और मांगे रखी जाती रही, कि जब सर्वेयर मूंग पास करता है, और संस्थाए खरीदी करती है। तो गुणवत्ता या उपज में घटत आने की उनकी जिम्मेदारी क्यों रहे। सहकारी संस्थाओं को भी पिछले वर्षो में हम्माली इत्यादि की राशि दी जाती रही, और प्रति कुन्टल मिलने वाली कमीशन राशि रोक लेने या भुगतान न करने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब बनी हुई है। सर्वेयर, गोदाम संचालकों की सहमति से उपज की खरीद के बाद उसे गोदामों में रखा जाता है। ताले गोदाम संचालकों एवं विपणन संघ द्वारा डाले जाते है। बारिश से मूंग में नमी आती है, जब उठाव होता है। तब गर्मी के दिनों में सूखने से वजन कम हो जाना स्वभाविक है।

### गुणवत्ता की संयुक्त जिम्मेदारी

दो दिन चली बैठकों के बाद आज सोमवार से समर्थन मूल्य पर बरेली, बाड़ी, खरगोन के कुछ खरीदी केन्द्रों पर मूंग की तौल शुरू होने की उम्मीद है। मूंग खरीदी केन्द्र तो बना दिए सहकारी संस्थाओं को जिम्मेदारी भी सौंप दी परंतु कुछ संस्थाओं को वेयर हाउस नहीं मिलने या वेयर हाउस संचालकों द्वारा भंडारण से इंकार किए जाने की चर्चा है। दूसरा कारण कुछ वेयर हाउसों द्वारा पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया गया है।

क्षेत्र में कुल 15 केन्द्र बनाये गए है। मूंग की गुणवत्तापूर्ण खरीदी में सर्वेयर के साथ खरीद संस्था और केन्द्र बने वेयर हाउस संचालक की संयुक्त जिम्मेदारी पूर्व में रही इसके बाद भी हजारों कु. नॉन एफएक्यू मूंग या अन्य उपज की खरीद भंडारण हुआ। ऐसी हजारो कु. मूंग क्षेत्र के वेयर हउसों में रखी खराब होने के साथ उनकों खरीदने वाले व्यापारी नहीं मिल रहे है। उक्त मामला विस्तृत जांच और दोषियों के विरूद्ध प्रभावी ठोस कार्यवाही का विषय बना हुआ है। जिसमें निजी लाभ के लिए सरकारी धन को चपत लगाने, व्यापक स्तर पर मिली भगत का खेल उजागर हो सकता है।

पक्षकार भवन निर्माण-अनुमति का इंतजार

## अभिभाषक संघ का हुआ शपथग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अभिभाषक संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का एडीजे न्यायालय भवन में शपथग्रहण समारोह हुआ। शपथग्रहण समारोह में एडीजे सतीशचंद्र मालवीय, सिविल जज मा.अंकिता नागर, मा.ललित कुमार, मा. अमित मालवीय की अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

शपथग्रहण समारोह के अवसर पर एडीजे मा. मालवीय ने कहा कि बैच एवं बार के बीच गरिमापूर्ण ससंघ बने रहे। इसी के साथ कहा कि पक्षकार भवन निर्माण के लिए उच्च न्यायालय प्रस्ताव भेजा है। अनुमति मिलते ही भवन निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जे.के. मिश्रा ने न्यायालय परिसर को ओर अधिक हरा-भरा बनाने पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर ने पक्षकार भवन निर्माण कराये जाने की आवश्यकता बताई। निवृतमान अध्यक्ष कमलेश पटेल ने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**पदाधिकारियों ने ली शपथ** - भारी संख्या में वकीलों की उपस्थिति में अभिभाषक संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, उपा. राघव रघुवंशी, सचिव जीवन सिंह धाकड़, सह सचिव विपिन राजपूत, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जैन, ग्रंथपाल संदीप श्रीवास्तव को शपथग्रहण कराई गई। कार्यक्रम का संचालन साहब सिंह धाकड़ ने एवं सभी का आभार योगेन्द्र तिवारी ने व्यक्त किया।

क्षेत्र में बीस इंच से अधिक बारिश, चहुंओर छाई हरियाली

## पिछले एक माह में उदयपुरा, देवरी में दर्ज हुई सर्वाधिक बारिश, सीजन का आधा कोटा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



बारिश का सीजन 15 जून से शुरू माना जाता है। नर्मदा क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व से बारिश का दौर शुरू हो गया। पिछले एक माह में सबसे अधिक उदयपुरा, देवरी क्षेत्र में बारिश हुई। बरेली क्षेत्र में 20 इंच से अधिक बारिश होने से पूरे बारिश सीजन का आधा कोटा पूरा हो गया है।

इस दौरान अभी बाड़ी स्थित बारना बांध के जलग्रहण क्षेत्र सुल्तानपुर, गोहरगंज तहसीलों और विन्ध्यांचल के जंगलो में कम बारिश के कारण बांध खाली है।

### सावन में रिमझिम बारिश

आषाढ़ के महिने में भरपूर बरिश हुई। सावन का महिना लगा तो प्रतिदिन दिन या रात में बारिश हो रही है। सावन के महिना में रिमझिम बारिश की झडी लगी हुई है।

प्रतिदिन संपूर्ण क्षेत्र बारिश से भींग रहा है। भरपूर बारिश से पहाड़ो, खुले मैदानी क्षेत्र, खेतों की मेढ़ो, हर जगह हरियाली ही हरियाली नजर आ रही है

### नदी नालों में भरपूर पानी, बढ़ा जल स्तर

पिछले एक माह से हो रही बारिश के असर से क्षेत्र के नदी नालों में भरपूर पानी बना हुआ है। पिछले दिनों नर्मदा मैया में बाढ़ की स्थिति बन जाने से ग्रामों के निचले हिस्सों, पुलियों पर पानी भर जाने की परेशानियों भरी स्थिति बनी रही। कभी-कभी तेज और अधिकांश समय रिमझिम हल्की बारिश होने से खेतों में भरपूर पानी भर जाने से संपूर्ण क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। लगातार बारिश के असर से जिन ट्यूबवेलों का पानी सूख जाने से दम उखड़ गया था। अब गिरा भू-जल स्तर तेजी से उपर उठने लगा और ट्यूबवेलों में भरपूर पानी आने लगा है।

## सेवानिवृत एएसआई के पुत्र का थाईलैंड में हुआ सम्मान




**बरेली।** वर्षो तक पुलिस थाने में पदस्थ रहें और एएसआई के रूप में पुलिस की सेवा से सेवानिवृत हुए केशव यादव के पुत्र कुलदीप यादव जो कि एस.के. फायनेंस कंपनी में कार्यरत है। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारत से थाईलैंड बुला कर कंपनी के अधिकारियों द्वारा सम्मान किए जाने से यादव के चाहने वालों में भारी हर्ष बना हुआ है। बरेली के बेटे को थाईलैंड में सम्मानित किया गया। पुलिस से सेवानिवृत हुए पूर्व एएसआई केशव यादव मिलनसार और मृदुभावी, व्यवहार कुशल होने के कारण लोकप्रिय रहे। पुलिस से सेवानिवृति के बाद मकान बना कर बरेली में ही निवास कर रहे है। उनका पुत्र कुलदीप यादव एस.के. फायनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। बरेली के बेटे का थाईलैंड में सम्मानित होने पर नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, पत्रकारों ने भारी हर्ष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाईयां दी जा रही है।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

website : general.kbtgroup.in
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)

**खबर संक्षेप**

### स्व. जैन के निवास पर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री



**सलामतपुर।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लौटते समय भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व. विमलचंद जैन के सलामतपुर स्थित निवास पर रुके। इस दौरान उनके साथ उनके सुपुत्र भाजपा युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान भी साथ थे। स्वर्गीय श्री जैन के सुपुत्र अंकित जैन एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा देवी जैन, भाई सुभाष जैन, जिनेंद्र जैन, मनोज जैन, नीतेश जैन आदि परिजनों से भेंट कर रूबरू होकर चर्चा की एवं उन्हें धीरज बंधाया। इस अवसर पर विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, गंगाराम चौकसे, राकेश तोमर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर, रायसेन मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, साचेत मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, रितेश अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर में तार डालने पर किसान से मारपीट

**सलामतपुर।** ग्राम सालेरा में रविवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे बिजली ट्रांसफार्मर में तार डालने को लेकर दो पड़ोसी आपस में भिड़ गए, जिसमें एक किसान के सिर पर दो भाइयों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घायल किसान को इलाज के लिए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरियादी जीतेन्द्र पिता सुखराम धाकड़ निवासी सेवासनी की रिपोर्ट पर आरोपी दो भाइयों बाबूलाल और हरिनारायण पिता गोरेलाल धाकड़ निवासी सेवासनी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### जमकर बरसे मेघ

**रायसेन।** रविवार का दिन बारिश के नाम रहा, सुबह से ही कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का दौर चलता रहा। बारिश रुकने के बाद दोपहर को फिर बारिश शुरू हुई और शाम को आसमान में छाए काले बादलों ने फिर बारिश की झड़ी लगाई। बारिश से शहर की सड़कें पानी पानी हो गई। वहीं शहर के माहमाया चौक पर पानी भर जाने से परेशानी हुई।

## हरिभूमि टीम ने शहर की महिलाओं से बातचीत कर जानी उनकी 'राय'

# महिलाओं ने कहा- शहर में सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में 'सुधार' की सख्त जरूरत

◆ बेबाक चर्चा में महिलाओं ने बताई शहर की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की बेलगाम सफाई व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर महिलाओं द्वारा अपने सुझाव दिए हैं। जिसमें सिस्टम को नए सिरे से सुधारने के लिए अपनी राय दी है।

**महिलाओं के सुझाव :** मैकेनिक, मिस्त्रियों की दुकानें सड़क से हटाएं। स्कूल-कॉलेजों के आसपास सादा वर्दी में महिला पुलिस तैनात हों। चौराहों पर सिग्नल चालू कराएं, ऑफिसों में महिलाओं के साथ यौन व मानसिक शोषण रोकने शिकायत समितियां गठित हों।

### टॉयलेट की कमी....

शहर में मुख्य बाजारों सहित समेत दूर-दराज से आने वाली महिलाओं को बाजार में यदि टॉयलेट की जरुरत पड़े तो उसकी कमी खलती है। पार्किंग की समस्या भी लोगों के लिए सिरदर्द बनी है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन द्वारा महामाया चौक में एक पार्किंग खोला है। बाजार व यातायात को सुव्यवस्थित करना चाहिए। स्कूल व कॉलेजों के पास लड़कियों की सुरक्षा के लिए पुलिस को गंभीर कदम उठाना होंगे।

### संयुक्त मुहिम चलाएं...

*विगत वर्षों में शहर के लोग डवलप हो गए, हर घर में वाहन भी बढ़ गए, लेकिन शहर डवलप नहीं हो पाया। शहर को सुव्यवस्थित करने के लिए सबको एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इसके लिए नपा, जिला व पुलिस प्रशासन को संयुक्त प्रयास करना चाहिए।*



सविता सेन, नपाध्यक्ष

### महिलाएं असुरक्षित...


*रायसेन शहर में लड़के-लड़कियों के लिए जो ऑनलाइन गैमिंग सेन्टर खुल गए हैं या केबिन प्रथा जो शुरू हो गई है, उसका यहां दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। हमारे संगठन की महिलाएं पौधे भी रोपेंगी। महिलाओं में असुरक्षा का जो भाव अभी है उसे खत्म करना चाहिए।*



कृष्णा ठाकुर
समाजसेविका

### महिलाओं की परेशानी

*बाजारों में आजकल दुकानें भी महिलाएं चलाने लगी है। उनकी सबसे बड़ी परेशानी टॉयलेट होने लगी हैं। इस परेशानी से महिलाओं को निजात नपा परिषद को पहल करना चाहिए। वाहनों के प्रेशर हॉर्न पर भी कंट्रोल होना चाहिए।*



लावण्या सिसोदिया

### निर्भया टीम सक्रिय हो

*किसी भी चौराहे पर देखें नाबालिग दो पहिया वाहन लेकर काफी तेजी से चलाते हुए देखे जा सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को भी आगे आकर वाहन देने से मना करना होगा। साथ ही ट्रेवल एजेंसियों के वाहन जो सड़क पर खड़े रहते हैं उनको हटवाया जाए। निर्भया पुलिस पूर्व की तरह और सक्रिय रहकर वाहन से घूमे।*



अजीजा बी
कांग्रेस पार्षद

**सफाई एवं ट्रैफिक सिस्टम गड़बड़ाया**

*शहर में यातायात और सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। शहर के मुख्य बाजारों में महिलाओं के लिए कोई टॉयलेट व्यवस्था नहीं है। यह हालत जब पैदा हुए तब नगर पालिका में अध्यक्ष की आसंदी पर महिला और नपा सीएमओ की कुर्सी पर भी महिला विराजमान है। महिलाओं ने अलग-अलग मुद्दे उठाकर सुझाव हरिभूमि टीम को दिए।*

## वाहन चालक कर रहे पशुओं का प्राथमिक उपचार

# दम तोड़ रही पशु एंबुलेंस सेवा डॉक्टर नहीं, वाहन भी खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला पशु एवं चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा संचालित पशु एंबुलेंस सेवा दम तोड़ती नजर आ रही है। शुरुआत में 8 एंबुलेंस विभाग द्वारा जिले में उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन धीरे-धीरे अब वाहन खराब होते जा रहे हैं। इसमें वेटरनरी डॉक्टरों के अलावा वाहन चालक और अन्य स्टाफ भी उपलब्ध कराया गया था, लेकिन फिलहाल देखने में यह आ रहा है कि अक्सर वाहन चालक ही पशुओं का इलाज करते नजर आते हैं डॉक्टर और स्टाफ हमेशा गायब रहता है।

वाहन चालकों और मैकेनिकों के अनुसार एबुलेंस में लगातार 5 क्विंटल वजन लोड रहने से टायर और चेचिस बार-बार खराब हो रहे हैं। कई बार एबुलेंस ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची सड़कों में फंस जाती हैं, जिससे वे मौके तक नहीं पहुंच पातीं।

देवनगर निवासी अनुज पाल ने बताया कि हाइवे पर आए दिन मवेशी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। शिकायत के बावजूद एबुलेंस नहीं आती और जब आती भी है तो उसमें डॉक्टर नहीं होते। ऐसे में वाहन चालक ही प्राथमिक इलाज करते हैं, जो अक्सर अधूरा और असुरक्षित होता है।

वार्ड 18 निवासी दीपक मीणा ने बताया कि भोपाल रोड पर एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल पड़ा था। लेकिन 12 घंटे इंतजार के बाद भी न एबुलेंस आई, न ही कोई डॉक्टर आया, बछड़ा तड़पता रहा। वार्ड 13 निवासी नन्हेलाल सिंह की बीमार गाय का इलाज भी 1962 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद नहीं हो सका। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सेवा प्रभावित हो रही थी।, लेकिन कुछ क्षेत्रों में कर्मचारी वापस ड्यूटी पर लौट आए हैं।

1962 हेल्पलाइन और पशु एबुलेंस सेवा अपनी मूल जिम्मेदारी निभाने में विफल होती नजर आ रही है। वर्ष 2023 में शुरू की गई इस सेवा के तहत रायसेन जिले को कुल 8 पशु एबुलेंस वाहन उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन इनमें से कई या तो खराब हैं या स्टाफ की कमी के कारण संचालन में नहीं हैं।

### मूल जिम्मेदारी निभाने में भटके अधिकारी

*जिले में पशुपालकों और मवेशियों के लिए पशु एम्बुलेंस सुविधा बेपटरी हो गई है। मूल जिम्मेदारी निभाने में यह योजना फिलहाल फेल होने लगी है। इन 8 एम्बुलेंसों में से 3 खराब है तो स्टाफ की कमी की वजह से सड़कों पर नहीं दौड़ पा रहीं हैं।*



### इनका कहना है

वर्ष 2018-19 में संजीवनी पशु चिकित्सा सेवा के लिए भी यही नंबर 1962 चलता था। फिर उसी नंबर को एंबुलेंस के लिए रखा गया है। वहीं एंबुलेंस में तैनात वेटनरी डॉक्टर और स्टॉफ आउटसोर्स माध्यम से रखे गए हैं।

**- डॉ आरके शुक्ला,** उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

### जिले को मिली थीं 8 एंबुलेंस

सरकार की योजना अनुसार 1962 पर कॉल करने पर पशुओं का इलाज करने मौके पर एंबुलेंस को पहुंचना था, परन्तु लेकिन एम्बुलेंसों के न पहुंचने से पशु पालकों को परेशानी का सामना पड़ रहा है। 108 एंबुलेंस की तुलना में पशुओं के इलाज के लिए शुरु की गई ये सेवा अब असफल साबित हो रही है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा इन एंबुलेंस को लोकार्पण भोपाल में किया गया था। इसके बाद जिला मुख्यालय रायसेन पर 8 एंबुलेंस पहुंची हैं। इन्हे सागर तिराहा स्थिति जिला पशु चिकित्सालय परिसर में रखा गया। खास बात ये है इन एंबुलेंस को मोबाइल वेटनरी यूनिट की तर्ज पर तैयार किया है। प्रत्येक एंबुलेंस में एक वेटनरी डॉक्टर, एक पैरामेडिकल स्टॉफ और तीसरा ड्राइवर कम सहायक तैनात रहना चाहिए।

### दवाइयों से लेकर माइनर सर्जरी तक की सुविधा

मोबाइल एंबुलेंस में दवाईयों से लेकर माइनर सर्जरी तक सुविधा 24 घंटे मौजूद रहती है। इस मोबाइल एंबुलेंस को बुलाने के लिए 1962 नंबर पर कॉल करना होगा। इसके बाद बताए गए पते पर ये एंबुलेंस पहुंचना होता है। इसके लिए कॉल करने वाले व्यक्ति या पशु मालिक को इलाज के एवज में महज 150 रुपए का शुल्क देना होगा। इस शुल्क के अलावा दवाईयों और इलाज का कोई पैसा नहीं लगेगा।

## करणी सेना ने हरदा की घटना को लेकर किया चक्काजाम

### पुलिस ने 10 लोगों पर की धारा 170 की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रविवार शाम लगभग 5 बजे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हरदा में हुई घटना के विरोध में भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर चक्काजाम कर दिया। हरदा में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर, हरदा जिला अध्यक्ष सुनील राजपूत सहित 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और लाठी चार्ज के विरोध में लिया गया था।

विदिशा हाइवे पर लगभग 15 मिनिट तक भोपाल चक्काजाम रहा। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइने लग गई।

जानकारी मिलते ही एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने चक्काजाम कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को समझाईश देकर चक्काजाम समाप्त कराया और सभी कार्यकर्ताओं को सलामतपुर थाने ले गए। थाने में 10 कार्यकर्ताओं के विरुद्ध 170 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### क्यों भड़की करणी सेना

*करणी सेना के आशीष राजपूत ने विकास लोधी, मोहित वर्मा और उमेश तपानिया पर 18 लाख की हीरा धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी मोहित वर्मा को गिरफ्तार कर इंदौर ले गई, लेकिन कारणी सेना के कार्यकर्ता उसे भीड़ के हवाले किए जाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। पुलिस ने हंगामा करने के आरोप में सुनील राजपूत सहित चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिससे राजपूत समाज में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को लेकर रविवार को जगह जगह चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।*

## बालमपुर घाटी पर भदभदा के पास मुर्गों से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलटा, ड्राइवर-क्लीनर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। 15 दिन के अंदर ही भदभदा गांव से लेकर हाईवे 146 तक 15 से ज्यादा दुर्घटनाएं हो चुकी है, जिनमें से दो लोगों की मौत हो गई तो वहीं 12 लोग घायल हो चुके हैं।

शनिवार को फिर बालमपुर घाटी के ऊपर भदभदा गांव के पास विदिशा से भोपाल मुर्गा लेकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे जाकर तीन पलटी खाई। जिससे ड्राइवर और क्लीनर को मामूली सी चोट आई है तो ट्रक में भरे हुए मुर्गे रोड से नीचे बिखर गए। प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार ट्रक विदिशा से भोपाल जा रहा था जैसे ही गांव के नजदीक पहुंचा तो ट्रक रोड से नीचे उतारते हुए पलट गया इससे भोपाल विदिशा हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी हालांकि ट्रक ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित है।

वहीं दूसरी घटना पुरानी दीवानगंज चौकी के पास होते बाल बाल बच गई। जब एक ट्रक विदिशा से भोपाल की तरफ जा रहा था ट्रक जैसे ही पुराने दीवानगंज चौकी के पास पहुंचा तो ट्रक का पीछे का पहिया अचानक फूट गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे उतर गया। वह तो गनीमत रही कि समय रहते ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाकर ट्रक को रोक लिया नहीं तो ट्रक थोड़े और आगे बढ़ जाता तो एक जामुन के पेड़ से टकराकर वहां पर स्थित 5 फीट गहरी खाई में पलट सकता था।

## रायसेन में कोतवाली पुलिस की कांबिंग गश्त

### एसपी-एएसपी सहित पुलिसकर्मियों ने सड़क पर उतरकर की वाहनों चेकिंग, 98 वारंटी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में बीती रात को पुलिस ने अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया। शनिवार की रात करीब 10 बजे से शुरू हुए इस कांबिंग गश्त में एसपी पंकज कुमार पांडे और एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में कोतवाली थाने के 250 पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस ने इस दौरान 56 गिरफ्तारी वारंट और 42 अस्थाई वारंटी वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसपी पंकज पांडे ने देवनगर थाने में पुलिस कर्मियों को अभियान की जानकारी दी। एएसपी खरपुसे ने कोतवाली रायसेन और सांची का दौरा किया। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने कोतवाली में थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए। बीती रात 12 से 1 बजे के बीच पुलिस ने वाहनों की विशेष जांच की। कार और मोटरसाइकिल सवारों की तलाशी ली गई। वाहनों में अवैध सामान और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। एसपी पंकज पांडे ने बताया कि यह अभियान अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए चलाया गया। पुलिस के द्वारा लगातार जिले में अपराधियों पर कार्रवाई कर रही है।

**खास बातें**

- पुलिस ने अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाया विशेष अभियान।
- कांबिंग गश्त में एसपी और एएसपी के नेतृत्व में कोतवाली थाने के 250 पुलिसकर्मी शामिल हुए।
- 6 गिरफ्तारी वारंट और 42 अस्थाई वारंटी वाले आरोपी किए गिरफ्तार।



### श्रवण नक्षत्र में मनेगा रक्षाबंधन, राखी के लिए सर्वार्थ सिद्धि योग

## सावन माहः सौभाग्य योग में हो रहा चार सोमवार का विशेष योग

◆ पहले सावन सोमवार को लेकर शिवभक्तों में दिख रहा खासा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सावन का पवित्र माह शुरू हो चुका है, जिसमें शिवभक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर उपासना की जाती है। शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। शिव मंदिरों की आकर्षक रंगाई-पुताई के साथ आकर्षक लाइटिंग की गई है। इन मंदिरों में सावन महीने में बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने पहुंचेंगे।

मंदिर प्रबंधन समिति और पुलिस, प्रशासन ने भी इसकी तैयारी कर ली है। रायसेन के ही मनकामेश्वर महादेव मंदिर गंजबाजार, भूतेश्वर मिश्र तालाब घाट, रामलीला मैदान स्थित प्रजापति समाज शिव मंदिर, बाबा भारती महादेव मंदिर आदि मंदिरों में आस्था की भीड़ उमड़ेगी।





### हर सोमवार को विशेष योग

पंडित राममोहन चतुर्वेदी, मुकेश भार्गव के अनुसार सावन महीने का पहला सोमवार 14 जुलाई को आएगा। इस दिन गणेश चतुर्थी रहेगी। दूसरे 21 जुलाई को सर्वाथ सिद्धी, अमृत सिद्धी, तीसरे 28 जुलाई को विनयाकी चतुर्थी और 4 अगस्त को अंतिम सोमवार को सवार्थ सिद्धी योग रहेगा। श्रद्धालु भगवान शिव को जल, दूध, दही, मिश्री, शहद, इत्र, बिल्वपत्र, केशर, भांग, भस्म, धतूरा आदि श्रद्धाभाव से चढ़ाकर पूजा करें। भगवान शिव की भक्ति का विशेष महीना सावन शुक्रवार से शुरु हो गया है। पूरे सावन महीने भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में लीन रहेंगे।

### सावन मास में ही 29 जुलाई को मनाई जाएगी नागपंचमी

सावन मास को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सुबह से ही हर तरफ बम भोले के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगेंगे। सावन मास में कई अच्छे योग बन रहे हैं। रक्षा बंधन के दिन श्रवण नक्षत्र है, सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। भगवान शंकर शेषनाग को आभूषण की तरह अपने गले में धारण किए हुए हैं, सावन मास में ही 29 जुलाई को नागपंचमी मनाई जाएगी।

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला ने बताया कि हिंदू पंचाग के पांचवें महीने को श्रावण (सावन) कहते हैं। इसलिए सावन महीना शिव पूजन आराधना अभिषेक के लिए समर्पित रहता है।

# पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बह रही धर्म की अमृतमयी धारा

### महापुरुषों की कथा सुनने से मन पवित्र हो जाता है : मुनि साक्ष्य सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



84 करोड़ योनियों में भटकने के बाद मनुष्य भव मिला है इस भव का उपयोग धर्म कार्यो में लगाओ किसी की निंदा-आलोचना करने में समय व्यर्थ ना गवाओं। जिस क्षण तीर्थयात्रा, मंदिर जाने अथवा मुनिराजों के दर्शन की भावना जाग्रत होती है उसी समय जीव के कर्मों की निर्जरा प्रारंभ हो जाती है।

यह उद्गार पटटाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए। वह नगर के प्राचीन पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को सुबह के समय समाजजनो को संबोधित कर रहे थे। धर्म सभा को मुनि निवृत्त सागर महाराज ने भी संबोधित किया।

मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने बताया कि महापुरुषो की कथा सुनने से मन पवित्र हो जाता है। निरंतर महापुरुषों, साधु संतो, ऋषि मुनियों की गाथ का मंथन व स्मरण करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मन पवित्र रहता है बल्कि सात्विकता के भाव भी आने के साथ ही मन में भटकाव के विचार नहीं आते है। अंजना, अनुश्रिया, सीता, मैना सुंदरी, चंदनबाला यह सब महा सती हुई इनका नाम आज भी जीवंत है।